# कलेक्टर ने 7 शस्त्र लाइसेंस किए निलंबित

## शस्त्र एवं गोला-बारूद जमा कराने के निर्देश



**नवभारत न्यूज**

**भिण्ड, 06 मई.** कलेक्टर किरोड़ी लाल मीणा द्वारा आयुध अधिनियम 1959 की धारा 17(3)(बी) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिले के 7 शस्त्र लाइसेंस तत्काल प्रभाव से आगामी आदेश तक निलंबित कर दिए गए हैं। जारी आदेश के अनुसार संबंधित शस्त्र लाइसेंसधारियों को निलंबन अवधि के दौरान अपने शस्त्र एवं एम्यूनेशन (गोला-बारूद) निर्धारित स्थान पर जमा कराने के निर्देश दिए गए हैं।

जिला प्रशासन द्वारा जिन व्यक्तियों के शस्त्र लाइसेंस निलंबित किए गए हैं, उनमें गजेन्द्र सिंह जादौन निवासी गुरयाची/मिलकपुरी, शैलेन्द्र सिंह राजावत निवासी मानगढ़ थाना रौन, छेदीलाल जाटव निवासी वीरमपुरा थाना देहात, रामदीन गुर्जर निवासी बंकेपुरा थाना गोहद, हरिज्ञान सिंह मोगिया निवासी रछेड़ी थाना देहात, योगेन्द्र सिंह भदौरिया निवासी बिजपुरी थाना देहात तथा रामसनेही तोमर निवासी खनेता थाना एंडोरी शामिल हैं। इनमें 12 बोर रायफल, 315 बोर रायफल, दुनाली बंदूक, टोपीदार एवं अन्य बोर के शस्त्र लाइसेंस शामिल हैं। जिला दण्डाधिकारी द्वारा स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि निलंबन अवधि के दौरान संबंधित सभी लाइसेंसधारी अपने शस्त्र एवं गोला-बारूद नियमानुसार जमा रखें। आदेश का उल्लंघन करने पर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने बताया कि यह कार्रवाई कानून-व्यवस्था एवं शांति बनाए रखने के उद्देश्य से की गई है।

# नेलोअ के प्रचार-प्रसार के लिए जागरूकता वाहन रवाना



**नवभारत न्यूज**

**भिण्ड, 06 मई.** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार 9 मई 2026 को जिला न्यायालय भिंड एवं तहसील न्यायालय लहार, गोहद तथा मेहगांव में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इसी क्रम में नेशनल लोक अदालत के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए जिला न्यायालय परिसर स्थित ए.डी.आर. सेंटर से जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

प्रचार-वाहन को के.एस. बारिया, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भिंड द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर उपस्थित नागरिकों को लोक अदालत के माध्यम से विभिन्न प्रकरणों के त्वरित, सरल एवं सौहार्दपूर्ण निराकरण की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी गई। प्रचार-वाहन के माध्यम से भिंड शहर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में नेशनल लोक अदालत का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। प्रचार अभियान के दौरान पैरालीगल वॉलेंटियर्स धीरेन्द्र श्रीवास्तव एवं रामाधार पुरोहित द्वारा आमजन को पेम्पलेट्स वितरित कर लोक अदालत के लाभों एवं प्रकरणों के निपटारे की प्रक्रिया की जानकारी दी जा रही है। कार्यक्रम में सम्माननीय न्यायाधीशगण, जिला विधिक सहायता अधिकारी, एलएडीसीएस अधिवक्तागण एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारी उपस्थित रहे। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने नागरिकों से अपील की है कि वे नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों का निराकरण कर सरल एवं त्वरित न्याय व्यवस्था का लाभ उठाएं।

# किसानों के मुद्दों को लेकर कांग्रेस की रणनीतिक बैठक आयोजित



**नवभारत न्यूज**

**भिण्ड, 06 मई.** मध्यप्रदेश में किसान उपार्जन केंद्रों पर टोकन सिस्टम की अव्यवस्था, तुलाई में कथित भ्रष्टाचार एवं भुगतान में हो रही देरी को लेकर कांग्रेस द्वारा 7 मई को मुरैना नेशनल हाईवे पर प्रस्तावित चक्का जाम आंदोलन की तैयारियां तेज कर दी गई हैं। इसी संदर्भ में कांग्रेस जिला प्रभारी सुनील शर्मा द्वारा बुधवार को सभी कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गई। बैठक जिला कांग्रेस कमेटी भिंड शहर अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह भदौरिया 'पिंकी' एवं ग्रामीण अध्यक्ष रामशेष बघेल के नेतृत्व में प्रमोद चौधरी मैरिज गार्डन में संपन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी चक्का जाम आंदोलन को सफल बनाने के लिए अधिक से अधिक संख्या में कार्यकर्ता मुरैना पहुंचेंगे। कांग्रेस नेताओं ने किसानों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाते हुए आंदोलन को व्यापक जनसमर्थन दिलाने की रणनीति बनाई। बैठक के पश्चात जिला प्रभारी सुनील शर्मा ने पत्रकार वार्ता को संबोधित किया। उन्होंने भाजपा सरकार पर किसानों की समस्याओं के प्रति उदासीन रवैया अपनाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि उपार्जन केंद्रों पर स्लॉट बुकिंग एवं टोकन सिस्टम पूरी तरह विफल हो चुका है, जिससे किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही समर्थन मूल्य पर फसल खरीदी एवं भुगतान में हो रही देरी के कारण किसान मजबूरी में अपनी उपज बाहर बेचने को विवश हैं। सुनील शर्मा ने कहा कि किसानों को भावांतर योजना का पूरा भुगतान मिलना चाहिए तथा प्रत्येक किसान की फसल समर्थन मूल्य पर खरीदी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने मांग की कि फसल उपार्जन के भुगतान की 7 दिवस के भीतर कानूनी गारंटी तय की जाए। उन्होंने बताया कि इन्हीं मांगों को लेकर कांग्रेस द्वारा 7 मई को मुरैना नेशनल हाईवे पर चक्का जाम आंदोलन किया जाएगा। बैठक में वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ. राधेश्याम शर्मा, पूर्व विधायक सोपत सिंह जाटव, रेखा भदौरिया, मुकेश गर्ग, संतोष त्रिपाठी, हलीम पठान, आशुतोष शर्मा, बृजेंद्र सिंह भदौरिया, राकेश सिंह भदौरिया, चैतन्य शर्मा, स्मिता शर्मा, राहुल कुशवाह, सत्येंद्र सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल स्रोतों का संरक्षण जारी

## ग्राम पंचायत सिमार में कुओं की सफाई




**नवभारत न्यूज**

**भिण्ड, 06 मई.** जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जिले में जनसहभागिता के साथ विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। 19 मार्च से 30 जून तक संचालित इस अभियान को जनआंदोलन का स्वरूप देने के लिए जनप्रतिनिधि, अधिकारी, गणमान्य नागरिक एवं समाजसेवी सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। अभियान के तहत जिलेभर में जल स्रोतों के संरक्षण, स्वच्छता एवं पुनर्जीवन को लेकर लगातार कार्य किए जा रहे हैं। कुएं, बावड़ियां, तालाब एवं अन्य पारंपरिक जल स्रोतों की साफ-सफाई एवं जीर्णोद्धार किया जा रहा है, ताकि वर्षा जल का अधिकतम संरक्षण सुनिश्चित किया जा सके। इसी क्रम में जनपद पंचायत मेहगांव अंतर्गत ग्राम पंचायत सिमार में कुओं की साफ-सफाई कर उनका रंगरोगन एवं सौंदर्यीकरण किया गया।

इस कार्य में स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने भी सहभागिता निभाई। अभियान के तहत किए जा रहे कार्यों से बारिश के दौरान अधिक मात्रा में जल संचयन संभव होगा। साथ ही भू-जल स्तर में वृद्धि होने की भी संभावना है। प्रशासन द्वारा आमजन से अपील की गई है कि जल संरक्षण एवं स्वच्छता संबंधी गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लें, ताकि जल स्रोतों को संरक्षित कर भविष्य के लिए सुरक्षित रखा जा सके।

## मालनपुर में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन



**नवभारत न्यूज**

**मालनपुर, 06 मई.** वार्ड क्रमांक 3 में चल रही सप्तदिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। कथा वाचिका देवी शिखा किशोरी ने जैसे ही भगवान श्री कृष्ण के जन्म प्रसंग का वर्णन शुरू किया, पूरा पंडाल 'नंद के घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की' के जयकारों से गूंज उठा। देवी शिखा किशोरी ने कारागार में श्रीकृष्ण के जन्म, वसुदेव-देवकी का वात्सल्य और नंद बाबा के घर बधाई का मार्मिक चित्रण किया। ढोल-नगाड़ों और शंखध्वनि के बीच माखन-मिश्री का प्रसाद वितरित किया गया। कथा सुनकर श्रोता भाव-विभोर हो उठे, कई महिलाओं की आंखें नम हो गईं। आयोजन समिति के अनुसार रोजाना 500 से अधिक श्रद्धालु कथा श्रवण के लिए पहुंच रहे हैं।



# भाजपा की कामकाजी बैठक आयोजित

**नवभारत न्यूज**

**मालनपुर, 06 मई.** भारतीय जनता पार्टी की एक महत्वपूर्ण कामकाजी बैठक का आयोजन मालनपुर में किया गया, जिसमें संगठनात्मक मजबूती और आगामी रणनीतियों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में मुख्य रूप से भाजपा भिण्ड के जिला प्रभारी हमीर सिंह पटेल उपस्थित रहे।

बैठक को संबोधित करते हुए हमीर सिंह पटेल ने कार्यकर्ताओं को भाजपा की रीति-नीति, संगठन की कार्यशैली और जनसेवा के मूल मंत्रों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भाजपा एक कार्यकर्ता आधारित संगठन है, जहां हर कार्यकर्ता की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने का आह्वान किया। इस दौरान विधानसभा प्रभारी अशोक सिंह, मण्डल अध्यक्ष उदय सिंह कुशवाह, पूर्व मण्डी अध्यक्ष मेहताब सिंह, पूर्व

### संगठन की मजबूती पर दिया जोर

मण्डल अध्यक्ष देवेंद्र गौड़, वरिष्ठ नेता निंदर सिंह, किसान मोर्चा के सत्यभान सिंह, सोना जैन, रोकी जैन सचिन शर्मा,राम जैन सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक में संगठन विस्तार, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा और स्थानीय मुद्दों पर भी चर्चा की गई। अंत में सभी कार्यकर्ताओं ने संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का संकल्प लिया।



# डीआईजी असित यादव का मेहगांव में हुआ स्वागत

**नवभारत न्यूज**

**मेहगांव 06 मई।** भिंड एस.पी.असित यादव को पदोन्नति होकर डीआईजी बनने पर भिंड से ग्वालियर जाते समय मेहंगाव में गल्ला मंडी के सामने वरिष्ठ समाज सेवी रणजीत सिंह गुर्जर एवं सरदार सिंह गुर्जर ने संयुक्त रूप से स्वागत सम्मान कार्यक्रम रखा। उक्त कार्यक्रम में डीआईजी असित यादव को अंग वस्त्र पहनाकर एवं गुलदस्ता भेंट कर सम्मान किया । डीआईजी असित यादव ने कहा कि जो आपके द्वारा मान सम्मान प्यार मिला है उसके लिए मैं सदैव ऋणी रहूंगा और मेरे से जो भी काम बनेगा मैं आपके सहयोग के लिए सदैव तत्पर रहूंगा। इस अवसर पर वरिष्ठ समाज सेवी रणजीत सिंह गुर्जर ने बोलते हुए कहा कि असित यादव ने आमजन के बीच अपने कार्यशैली से अनूठी पकड़ बनाई, जो काबिले तारीफ है।

इसी क्रम में बोलते हुए संपादक सरदार सिंह गुर्जर ने कहा असित यादव जी जिसने बड़े अधिकारी हैं उतने ही बेहद सहज एवं सरल है। कार्यक्रम संचालन शिक्षक सबल सिंह नरवरिया ने किया तथा अंत में आभार राम प्रकाश यादव ने व्यक्त किया। इस अवसर पर एडवोकेट धारा सिंह गुर्जर, सुरेश राउत, गुड्डू नरवरिया, जबर सिंह कुशवाह, नूर मोहम्मद खान, मानसिंह गुर्जर सरपंच, रणवीर परिहार, उदय सिंह गुर्जर पार्षद, उमेश कुशवाहा, जनपद अध्यक्ष अशोक जाटव, मायाराम जाटव पार्षद सहित सैकड़ो लोग मौजूदरहे।

## जुआ खेलते 6 आरोपी गिरफ्तार, 4,395 नगद जब्त

**भिण्ड.** पुलिस अधीक्षक श्री सूरज वर्मा एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री संजीव पाठक तथा एसडीओपी श्री प्रवीण त्रिपाठी (लहार) के मार्गदर्शन में थाना मिहोना पुलिस ने जुआरियों एवं सटोरियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करते हुए 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार दिनांक 06.04.2026 को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम दवरेहा में कुछ लोग ताश के पत्तों पर हार-जीत का दांव लगाकर जुआ खेल रहे हैं। सूचना की पुष्टि के बाद थाना प्रभारी द्वारा पुलिस बल के साथ ग्राम दवरेहा स्थित माता मंदिर के पास दो अलग-अलग स्थानों पर दबिश दी गई। दबिश के दौरान पुलिस ने दोनों स्थानों से 3-3 व्यक्तियों को जुआ खेलते हुए रंगे हाथों पकड़ा। आरोपियों के कब्जे से कुल4,395 नगद रुपय जब्त कियें ।

# डॉ . यादव को ग्वालियर डीआईजी बनने पर दी गई विदाई



**नवभारत न्यूज**

**मालनपुर, 06 मई.** पुलिस अधीक्षक डॉ. असित यादव के ग्वालियर रेंज डीआईजी के पद पर प्रमोशन और तबादले के बाद विदाई समारोह अभूतपूर्व रहा। भिंड से ग्वालियर के लिए निकले उनके काफिले का रास्ते में जगह-जगह नागरिकों, जनप्रतिनिधियों और उद्योगपतियों ने फूल-मालाओं से भव्य स्वागत किया। यह पहला मौका है जब किसी एस पी की विदाई इस पैमाने पर जन-सहभागिता के साथ हुई ।डॉ. असित यादव ने अपने कार्यकाल में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करने के साथ हर वर्ग को न्याय दिलाने के लिए काम किया। आमजन में उनकी मजबूत पकड़ और त्वरित कार्रवाई की शैली के चलते विदाई के दौरान लोगों की आंखें नम दिखीं।

काफिला जैसे ही मालनपुर पहुंचा, मनहर होटल के पास मालनपुर उद्योग संघ के सचिव जितेंद्र नागवानी, उद्योगपति मुकेश भाटिया, उद्योग पति हिमांशु नागवानी सहित क्षेत्र के

### जगह-जगह हुई पुष्प वर्षा, उद्योगपतियों ने की फूलों की बारिश

कई उद्योगपतियों ने गर्मजोशी से स्वागत किया और मालाएं पहनाकर शुभकामनाएं दीं। मालनपुर थाना प्रभारी प्रदीप कुमार सोनी ने पुलिस स्टाफ के साथ मिलकर नवनियुक्त डीआईजी डॉ. असित यादव का भव्य स्वागत किया। इस दौरान जेसीवी से फूलों की वर्षा कर उन्हें भावभीनी विदाई दी गई। पुलिसकर्मियों और स्थानीय लोगों ने नम आंखों से उन्हें ग्वालियर के लिए रवाना किया।

**ग्वालियर में संभालेंगे नई जिम्मेदारी :** डॉ. असित यादव अब ग्वालियर रेंज के डीआई जी का पदभार संभालेंगे। भिंड में उनके द्वारा किए गए नवाचार और अपराध नियंत्रण के मॉडल की ग्वालियर रेंज में भी उम्मीद की जा रही है।

## 315 बोर कट्टा, राउण्उ के साथ बदमाश गिरफ्तार

**मुरैना, 6 मई ।** कैलारस पुलिस ने 5 मई को एमएस रोड पर थाने के सामने से विकास धाकड़ निवासी कुर्रोली को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से एक 315 बोर का कट्टा, एक जिंदा एवं एक खाली राउंड बरामद किया गया। पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

## तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से कार क्षतिग्रस्त, केस दर्ज

**मुरैना, 6 मई ।** बामौर थाना क्षेत्र में रेलवे ओवरब्रिज के पास तेज रफ्तार ट्रक ने एक कार को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में कार क्षतिग्रस्त हो गई। फरियादी वाचाराम शर्मा निवासी मुरैना की शिकायत पर पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

# कुकथरी में बंदूक की सफाई के दौरान गोली चली, युवक की मौत

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना/पोरसा, 6 मई ।** पोरसा थाना क्षेत्र के ग्राम कुकथरी में बुधवार की सुबह बंदूक की सफाई के दौरान अचानक हुए फायर से सफाई कर रहा युवक गोली लगने से जख्मी हो गया।

### बुधवार की सुबह हुआ हादसा, इलाज के दौरान दम तोड़ा

उसे जख्मी हालत में जेएएच ग्वालियर ले जाया गया था। जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया।

जानकारी के अनुसार ग्राम कुकथरी निवासी पुनीत उर्फ गिर्राज तिवारी 45 पुत्र द्वारिका प्रसाद तिवारी बुधवार की सुबह करीब 8.20 बजे अपने घर पर



बंदूक की सफाई कर रहा था। सफाई के दौरान ही अचानक बंदूक से फायर हो गया। बंदूक से निकली गोली पुनीत को लगी और वह लहूलुहान हो गया। परिजन उसे पोरसा स्वास्थ्य केन्द्र लेकर पहुंचें, यहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसे ग्वालियर रैफर कर दिया। ग्वालियर में इलाज के दौरान पुनीत ने दम तोड़ दिया। शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद पुलिस ने परिजन के सुपुर्द कर दिया है। मर्ग कायम कर पुलिस घटना की जांच में जुट गई है।

# जनगणना कार्य की समीक्षा बैठक हुई आयोजित

**नवभारत न्यूज**

**मेहगांव 06 मई ।** नगरपरिषद कार्यालय में जनगणना 2026 की समीक्षा बैठक हुई जिसमें मुख्य रुप से जनगणना जार्च अधिकारी महेश पुरोहित जनगणना प्रभारी अतुल खन्ना पर्यवेक्षक सतीश सिंह प्रदीप शर्मा श्रीमती चांदनी गर्ग राजीव शर्मा महेंद्र सिंह महेंद्र सिंह चंदेल उपस्थित रहे जनगणना अधिकारी महेश पुरोहित ने समय सीमा में प्रगति बढ़ाने के सम्बंध में निर्देश दिये एवं कार्य समय सीमा में पूर्ण करें सभी पर्यवेक्षकों के द्वारा



अस्वाशन दिया कि समय से पूर्व कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा।

# नगरपरिषद सीएमओ को किया सम्मानित

**नवभारत न्यूज**

**मेहगांव 06 मई ।** आयुक्त नगरीय प्रसासन एवं विकाश भोपाल ने मेहगांव नगरपरिषद सीएमओ महेश पुरोहित ने नगरपरिषद क्षेत्र में राजस्व बसूली में प्रथम स्थान प्राप्त किया

आयुक्त नगरीय प्रसासन एवं विकाश भोपाल संकेत भोंडवे ने नगरपरिषद सीएमओ महेश पुरोहित को राजस्व बसूली के लिये प्रसंशा पत्र से सम्मानित किया है महेश पुरोहित की कार्यशैली से नगरपरिषद क्षेत्र में बड़ा योगदान रहता हैं विकाश कार्य में महती भूमिका निभाने बाले सीएमओ महेश पुरोहित ने



बताया नगर में बहुत जल्द सोन्द्रीय करण के लिये योजना बनाई गई हैं पार्क तालाबों स्ट्रीट लाइट जैसी अनेक योजना बहुत जल्द नगर में धरातल पर दिखाई देगी हमारी प्राथमिकता यही रहेगी जनता के हितों के लिये हम सदैव खड़े रहे।

# 15 वर्षीय किशोरी को अगवा कर किया दुष्कर्म

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना/पोरसा, 6 मई ।** पोरसा थाना क्षेत्र में 15 वर्षीय किशोरी के अपहरण और दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पीड़िता की रिपोर्ट पर पुलिस ने दो युवकों के विरुद्ध पॉक्सो एक्ट सहित बलात्कार की धाराओं में अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

पुलिस को दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया गया है कि 3 मई को पीड़िता घर के पास ही स्थित दुकान पर पहुंचीं थी। यहां पड़ौस में रहने वाला सुधीर केन पुत्र राजवीर केन निवासी मोहनपुरा पोरसा उसे बहला-फुसलाकर गांव के पीछे ले गया। जिसके बाद सुधीर और विवेक उर्फ राजीव जाटव निवासी रजगढ़िया गोरमी जिला भिंड ने उसे बाइक पर बैठाया और सुधीर के खेत पर बनी तिवरिया में ले गए। यहां सुधीर बाहर बैठा रहा, जबकि विवेक ने पीड़िता के साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता के अनुसार उसने विरोध कर भागने की कोशिश की तो सुधीर और विवेक ने उसकी मारपीट की, जिसके बाद वे पीड़िता को बाइक पर बैठाकर रजगढ़िया गोरमी स्थित विवेक के घर ले गए, यहां रात भर पीड़िता को उन्होंने रखा, दूसरे दिन आरोपी पीड़िता को बाइक पर बैठाकर ककनमठ मंदिर घुमाने ले गए। जहां से बाद में आरोपियों ने पीड़िता को पोरसा जाने वाली बस में बैठा दिया। पुलिस ने पीड़िता की रिपोर्ट पर सुधीर एवं विवेक के विरुद्ध 5/6 पॉक्सो एक्ट सहित अन्य धाराओं में अपराध दर्ज कर लिया है।

# मेंहगांव मंडल की मासिक कामकाजी बैठक हुई आयोजित,कार्यकारिणी घोषित



**नवभारत न्यूज**

**मेहगांव 06 मई ।** राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के निर्देशानुसार मंडल मेहगांव की कामकाजी बैठक सम्पन्न हुई जिसमें जिला प्रभारी हमीर पटेल मंडल प्रभारी भान सिंह नरवरीया स्वसहायता समूह की प्रदेश संयोजक श्रीमती ममता भदौरिया मंडल अध्यक्ष रोहित करैया पूर्व भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुधा राठौर महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष श्रीमती बबली तोमर जिला मंत्री सुभाष राठौर एवं नवीन कार्यकारणी के समस्त कार्यकर्ता उपस्थित हुए। मुख्य अतिथि हमीर पटेल ने मंडल मेहगांव की नवीन मंडल कार्यकारणी के सभी पदाधिकारियों को बधाई और शुभकामनाएं दी पटेल ने कहा कि कामकाजी बैठक हर माह की 20 से लेकर 25 तारीख तक बैठक निरंतर रखी जाएगी जिसमें सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे ।

भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के निर्देशानुसार संभाग प्रभारी अभय यादव जिला प्रभारी हमीर पटेल एवं जिला अध्यक्ष देवेंद्र सिंह नरवरिया की सहमति से भाजपा मंडल मेहगांव की कार्यकारणी घोषित हुई जिसमें उपाध्यक्ष अरविंद भदौरिया राजेश त्यागी रामू राठौर मुन्नी नरवरिया हेमंत गुर्जर महामंत्री रामवीर सिंह भदौरिया कालीचरण शाक्य मंत्री केशव राठौर अनूप लहारिया मदन जाटव जयकुमार जैन राजा भैया गुर्जर कोषाध्यक्ष गीता रामसेश शर्मा सह कोषाध्यक्ष गुड्डी निगम राहुल ओझा कार्यालय मंत्री देवेंद्र पाराशर सह कार्यालय मंत्री हीरा देवी गंभीर जाटव अमन त्यागी मीडिया प्रभारी पुरुषोत्तम राजौरिया सह मीडिया प्रभारी भगवती थापक शिवम दंडोतिया प्रवक्ता एड, देवेंद्र चौधरी सोशल मीडिया प्रभारी, प्रदीप गोस्वामी सह सोशल मीडिया प्रभारी, पंकज दंडोतिया आईटी प्रभारी, अमित गिरी सह आईटी प्रभारी, रविन्द्र सिंह परमार, छोटू कुशवाह, मन की बात प्रभारी, सत्यदेव पाराशर, सह मन की बात, प्रभारी कौशल रावत नमो एप, प्रभारी सोनू करोतीया संगठन एप प्रभारी, रामहेश शर्मा लाभार्थी, प्रमुख शोखीराम जाटव को नियुक्त किया हैं।